# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
# CEN 01/2024 - ALP / सहायक लोको पायलट

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 25/11/2024 |
| Test Time | 4:30 PM - 5:30 PM |
| Subject | ALP Stage 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** जल के कितने अणु आयरन परमाणु के तीन अणुओं के साथ अभिक्रिया करके $Fe_3O_4$ बनाते हैं?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 2
✗ 3. 1
✓ 4. 4

**Q.2** अगस्त 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारत का सबसे युवा ओलंपिक पदक विजेता निम्नलिखित में से कौन है?

Ans
✗ 1. लक्ष्य सेन
✗ 2. मनु भाकर
✓ 3. अमन शेरावत
✗ 4. नीरज चोपड़ा

**Q.3** P और Q का वेतन मिलाकर ₹2,000 है। P अपने वेतन का 95% खर्च करता है और Q अपने वेतन का 85% खर्च करता है। यदि अब उनकी बचत समान है, तो P का वेतन क्या है?

Ans
✗ 1. ₹500
✗ 2. ₹1,250
✓ 3. ₹1,500
✗ 4. ₹750

**Q.4** किसी जीव का प्रत्येक विशेषक निम्नलिखित में से किससे प्रभावित होता है?

Ans
✓ 1. मातृक डीएनए (DNA) की तुलना में पैतृक डीएनए (DNA) से अधिक
✗ 2. केवल मातृक डीएनए (DNA) से
✗ 3. केवल पैतृक डीएनए (DNA) से
✗ 4. मातृक एवं पैतृक दोनों डीएनए (DNA) से समान रूप से

Q.5 5 m/sec के स्थिर वेग से गतिमान 2 kg द्रव्यमान वाले एक पिंड की गतिज ऊर्जा ________ है।

Ans ✗ 1. 10 जूल

✗ 2. 50 जूल

✗ 3. 100 जूल

✓ 4. 25 जूल

---

Q.6 एक कार 80 km की दूरी 20 km/h की चाल से और अगले 30 km की दूरी 30 km/h की चाल से तय करती है। कार की औसत चाल क्या है?

Ans ✗ 1. 30 km/h

✗ 2. 40 km/h

✗ 3. 20 km/h

✓ 4. 22 km/h

---

**Q.7 जीवित्पुत्रिका त्योहार, जो सितंबर 2024 में एक घटना के लिए सुर्खियों में था, मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?**

Ans ✗ 1. ओडिशा

✗ 2. गुजरात

✓ 3. बिहार

✗ 4. पश्चिम बंगाल

---

Q.8 निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग अयस्कों में उपस्थित मिट्टी और रेत जैसी अशुद्धियों के लिए किया जाता है?

Ans ✗ 1. स्पंजी (Spongy)

✗ 2. अयस्क की कठोरता (Hardness of ore)

✗ 3. गालक (Wrought)

✓ 4. गैंग (Gangue)

---

Q.9 यदि 'P' का अर्थ '×', 'Q' का अर्थ '÷', 'R' का अर्थ '–' और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

15 P 6 R 11 P 4 S 38 R 41 S 2 P 5 =?

Ans ✓ 1. 53

✗ 2. 61

✗ 3. 49

✗ 4. 41

---

**Q.10** एक बंद घनाकार बक्से की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई क्रमशः 2.5 m, 2 m और 90 cm है। यदि कैनवास की लागत ₹70/$m^2$ है, तो इस बक्से को पूरी तरह से ढकने के लिए आवश्यक कैनवास की लागत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹1,507
- ✓ 2. ₹1,267
- ✗ 3. ₹1,448
- ✗ 4. ₹1,348

---

**Q.11** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 243 :: 17 : Y

**Ans**
- ✗ 1. X = 34, Y = 148
- ✓ 2. X = 25, Y = 171
- ✗ 3. X = 27, Y = 156
- ✗ 4. X = 31, Y = 169

---

**Q.12** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

सभी दरवाज़े, गेट हैं।

कोई दरवाज़ा, ताला नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ ताले, गेट हैं।

(II) कोई ताला, दरवाज़ा नहीं है।

**Ans**
- ✓ 1. केवल निष्कर्ष II कथनों के अनुसार है
- ✗ 2. केवल निष्कर्ष I कथनों के अनुसार है
- ✗ 3. न तो निष्कर्ष I और न ही II कथनों के अनुसार है
- ✗ 4. निष्कर्ष I और II दोनों कथनों के अनुसार हैं

---

**Q.13** 3 के प्रथम पाँच गुणजों का औसत कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. 12
- ✗ 2. 15
- ✗ 3. 3
- ✓ 4. 9

**Q.14** सात व्यक्ति, B, C, D, E, F, G और K एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। G के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। G और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, D के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। K, D के ठीक दाईं ओर बैठा है।

B और F के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. एक
- ✓ 3. तीन
- ✗ 4. चार

---

**Q.15** अम्ल और क्षार के बीच अभिक्रिया से कौन-सा/कौन-से उत्पाद बनता है/बनते हैं?

**Ans**
- ✓ 1. लवण और जल
- ✗ 2. केवल जल
- ✗ 3. लवण और हाइड्रोजन गैस
- ✗ 4. केवल लवण

---

**Q.16** एक बंद परिपथ में, यदि 100 कूलॉम का आवेश 50 सेकंड की अवधि के लिए प्रवाहित होता है, तो परिपथ में प्रवाहित की गई धारा ______ है।

**Ans**
- ✗ 1. 0.5 A
- ✗ 2. 0.2 A
- ✗ 3. 5 A
- ✓ 4. 2 A

---

**Q.17** उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिस पैटर्न का अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

PK-RM-TU

HC-JE-LM

**Ans**
- ✗ 1. MH-OJ-PR
- ✗ 2. MG-OJ-QR
- ✗ 3. MH-OJ-QS
- ✓ 4. MH-OJ-QR

---

**Q.18** 50 से छोटी अभाज्य संख्याओं की कुल संख्या क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 13
- ✓ 2. 15
- ✗ 3. 14
- ✗ 4. 17

---

**Q.19** दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?

56 + 18 − 11 × 3 + 4 × (66 ÷ 2) + 22 = 151

(ध्यान दें: संपूर्ण संख्या को आपस में बदला जाना चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों को।)

**Ans**

✗ 1. 18 और 11

✓ 2. 11 और 22

✗ 3. 56 और 66

✗ 4. 3 और 2

---

**Q.20** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें :असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✓ 1. VRU

✗ 2. MHL

✗ 3. PKO

✗ 4. FAE

---

**Q.21** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 529 :: 21 : Y

**Ans**

✗ 1. X = 14, Y = 529

✗ 2. X = 12, Y = 729

✗ 3. X = 11, Y = 625

✓ 4. X = 18, Y = 676

---

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण यह दर्शाता है कि पदार्थ के कणों के बीच पर्याप्त रिक्त स्थान होता है?

**Ans**

✗ 1. पानी का उबलना

✓ 2. पोटेशियम परमैंगनेट का पानी में सामान रूप से वितरित होना

✗ 3. लोहे की कील का टूटना

✗ 4. अगरबत्ती का जलना

Q.23 एक व्यक्ति अपनी आय का $\frac{1}{3}$ भाग 7% साधारण ब्याज पर, $\frac{1}{4}$ भाग 8% साधारण ब्याज पर और अपनी आय का शेष भाग 10% साधारण ब्याज पर निवेश करता है। यदि वर्ष के अंत में प्राप्त कुल ब्याज ₹561 है, तो उसकी मूल आय कितनी थी?

Ans
✗ 1. ₹3,000
✗ 2. ₹4,500
✗ 3. ₹7,500
✓ 4. ₹6,600

---

Q.24 **पहला ________ परिवहन विमान औपचारिक रूप से 2023 में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था।**

Ans
✗ 1. C-275 MW
✓ 2. C-295 MW
✗ 3. C-225 MW
✗ 4. C-250 MW

---

Q.25 **यदि तीन संख्याएं 5 : 6 : 8 के अनुपात में हैं और उनका योग 3800 है, तो सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।**

Ans
✗ 1. 1200
✗ 2. 1000
✓ 3. 1600
✗ 4. 2000

---

Q.26 एक व्यक्ति का जनवरी, फरवरी, मार्च और अप्रैल के महीनों का औसत मासिक वेतन ₹8,000 है ,और फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई के महीनों का औसत मासिक वेतन ₹8,500 है। यदि उसका मई महीने का वेतन ₹6,500 है, तो उसका जनवरी महीने का वेतन ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹5,000
✗ 2. ₹2,500
✗ 3. ₹3,000
✓ 4. ₹4,500

---

Q.27 नीचे दिए गए व्यंजक को पूर्ण वर्ग में व्यक्त कीजिए।

$a^2+9b^2+c^2-6ab+6bc-2ac$

Ans
✗ 1. $(a+3b+c)^2$
✓ 2. $(a-3b-c)^2$
✗ 3. $(a-3b+c)^2$
✗ 4. $(a-3b-2c)^2$

---

Q.28 हमारे शरीर से हानिकारक चयापचय अपशिष्टों को किस जैविक प्रक्रिया द्वारा निष्कासित किया जाता है?

Ans ✗ 1. मलत्याग

✓ 2. उत्सर्जन

✗ 3. स्राव

✗ 4. परिवहन

---

Q.29 72 km/h की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी को एक खंभे को पार करने में 24 sec का समय लगता है। रेलगाड़ी की लंबाई कितनी है?

Ans ✗ 1. 150 m

✗ 2. 125 m

✓ 3. 480 m

✗ 4. 300 m

---

Q.30 जाइलम का कार्य क्या है?

Ans ✗ 1. प्रोटीन का संवहन

✗ 2. भोजन का संवहन

✗ 3. वसा का संवहन

✓ 4. जल एवं खनिजों का संवहन

---

Q.31 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

ZTQ, XRO, VPM, TNK, ?

Ans ✗ 1. RML

✓ 2. RLI

✗ 3. RKL

✗ 4. SMK

---

Q.32 यदि शब्द DYNAMIC के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और फिर इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार पुनर्व्यवस्थित किया जाए, तो अक्षरों के नए पुनर्व्यवस्थित समूह में दाईं ओर से पहला अक्षर कौन-सा होगा?

Ans ✗ 1. E

✗ 2. B

✓ 3. Z

✗ 4. D

---

Q.33 राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 में निम्नलिखित में से किसे विज्ञान रत्न पुरस्कार प्राप्त हुआ है?

Ans ✗ 1. डॉ. अवेश कुमार त्यागी

✗ 2. प्रो. उमेश वार्ष्णेय

✗ 3. डॉ. आनंदरामकृष्णन सी.

✓ 4. प्रो. गोविंदराजन पद्मनाभन

---

Q.34 दो समान्तर सड़कों के बीच 10 m की एक मीनार है। मीनार के शिखर से दोनों सड़कों के अवनमन कोण क्रमशः 30° और 45° हैं। सड़कें एक-दूसरे से लगभग कितनी दूरी पर हैं?

Ans ✗ 1. 26.44 m

✗ 2. 30.82 m

✗ 3. 29.56 m

✓ 4. 27.32 m

---

Q.35 2023 में किस भारतीय शहर का उच्चतम PM2.5 स्तर दर्ज किया गया, जिससे यह विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र बन गया?

Ans ✗ 1. नई दिल्ली

✗ 2. गुवाहाटी

✗ 3. ग्रेटर नोएडा

✓ 4. बेगूसराय

---

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सा परमाणु द्रव्यमान की इकाई का प्रतीक है?

Ans ✗ 1. mg

✗ 2. g

✓ 3. u

✗ 4. ml

---

Q.37 'अमर अकबर एंथनी' और 'बॉबी' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए प्रसिद्ध किस निष्णात संगीतकार को गणतंत्र दिवस 2024 पर पद्म भूषण से सम्मानित किया गया?

Ans ✓ 1. प्यारेलाल शर्मा

✗ 2. आरडी बर्मन

✗ 3. इलैयाराजा

✗ 4. लक्ष्मीकांत शांताराम कुडलकर

---

Q.38 यदि शब्द TEACHING के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और फिर अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से चौथे स्थान पर होगा?

Ans ✔ 1. I

✘ 2. F

✘ 3. H

✘ 4. J

---

Q.39 यदि शब्द COINAGE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से चौथे अक्षर और दाईं ओर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला में कितने अक्षर होंगे?

Ans ✘ 1. दो

✘ 2. पांच

✘ 3. चार

✔ 4. एक

---

Q.40 2024 में किए गए नवीनतम NSSO उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में गरीबी दर कितनी है?

Ans ✘ 1. 15% से अधिक

✘ 2. 10% से कम

✘ 3. 10%-15%

✔ 4. 5% से कम

---

Q.41 निम्नलिखित में से कौन-सा इमल्शन (emulsion) का एक उदाहरण है?

Ans ✘ 1. रबड़

✘ 2. फ़ोम

✘ 3. स्पंज

✔ 4. फेस क्रीम

---

Q.42 नीचे एक कारण दिया गया है जिसके बाद I, II और III क्रमांकित संभावित प्रभाव दिए गए हैं। कारण को ध्यान से पढ़िए और तय कीजिए कि तीनों में से कौन-सा/कौन-से संभावित प्रभाव हो सकता है/सकते हैं।

कारण - शहर X में पिछले दो दिनों से गाज और भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में और बारिश की आशंका जताई है।

प्रभाव I - बिजली विभाग ने शहर X में 50 पैसे प्रति यूनिट शुल्क बढ़ाने का फैसला लिया है।

प्रभाव II - शहर X के कई क्षेत्रों से जलजमाव की खबर आ रही है।

प्रभाव III - कथित तौर पर कल रात एमजी रोड पर कई पेड़ गिर गए, जिससे कम से कम 12 लोग घायल हो गए।

Ans
✗ 1. केवल II संभावित प्रभाव है।
✓ 2. II और III दोनों संभावित प्रभाव हैं।
✗ 3. I और II दोनों संभावित प्रभाव हैं।
✗ 4. केवल I ही संभावित प्रभाव है।

---

Q.43 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ 'A, B की मां है',

A – B का अर्थ 'A, B का भाई है',

A × B का अर्थ 'A, B की पत्नी है',

A ÷ B का अर्थ 'A, B का पिता है',

और A # B का अर्थ 'A, B की बेटी है'।

यदि 'Q – S + P – T # R ÷ K' है, तो P का K से क्या संबंध है?

Ans
✓ 1. भाई
✗ 2. पिता
✗ 3. बहन
✗ 4. मां

---

Q.44 450, 1500 और 1650 का HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 150
✗ 2. 50
✗ 3. 100
✗ 4. 200

---

Q.45 किस कोशिका का आकार बदलता रहता है?

Ans
✗ 1. तंत्रिका कोशिका
✓ 2. अमीबा
✗ 3. अंडाणु
✗ 4. चिकनी पेशी

**Q.46** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

CGM, EIO, GKQ, IMS, ?

**Ans**
- ✗ 1. KNY
- ✗ 2. KOX
- ✗ 3. KOV
- ✓ 4. KOU

---

**Q.47** दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

तालिका में एक क्रिकेट मैच के लिए शुक्रवार और शनिवार को कैश और ऑनलाइन माध्यम से बेची गई टिकटों की संख्या को दर्शाया गया है।

| दिन | बेचे गए टिकटों की संख्या (कैश) | बेचे गए टिकटों की संख्या (ऑनलाइन) |
|---|---|---|
| शुक्रवार | 725 | 525 |
| शनिवार | 1000 | 3000 |

शुक्रवार को कैश और ऑनलाइन मिलाकर कुल कितने टिकट बेचे गए?

**Ans**
- ✗ 1. 1150
- ✗ 2. 1350
- ✓ 3. 1250
- ✗ 4. 1050

---

**Q.48** एक निश्चित कूट भाषा में, 'ALSO' को '8693' लिखा जाता है, और 'SALE' को '2836' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'E' को कैसे लिखा जायेगा?

**Ans**
- ✓ 1. 2
- ✗ 2. 3
- ✗ 3. 8
- ✗ 4. 9

---

**Q.49** सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक-दूसरे के ऊपर रखे हुए हैं, परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों। A को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। E और G के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। G को शीर्षतम स्थान पर नहीं रखा गया है। F को C के ठीक ऊपर रखा गया है। C को E के ठीक ऊपर रखा गया है। B को शीर्ष से चौथे स्थान पर नहीं रखा गया है।

C और A के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

**Ans**
- ✓ 1. तीन
- ✗ 2. दो
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. एक

Q.50 प्रत्येक 2 वर्ष के अंतराल पर जन्मे 5 बच्चों की आयु का योग 40 वर्ष है। सबसे बड़े बच्चे की आयु कितनी है?

Ans
❌ 1. 14 वर्ष
❌ 2. 10 वर्ष
❌ 3. 16 वर्ष
✅ 4. 12 वर्ष

---

Q.51 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूरा करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

13, 24, 46, 79, 123,?

Ans
❌ 1. 176
❌ 2. 174
❌ 3. 172
✅ 4. 178

---

Q.52 किसी पारितंत्र में कौन-सा जैविक घटक सबसे अधिक संख्या में मौजूद होता है?

Ans
❌ 1. द्वितीयक उपभोक्ता
❌ 2. उत्पादक
✅ 3. तृतीयक उपभोक्ता
❌ 4. प्राथमिक उपभोक्ता

---

Q.53 सही कथन का चयन कीजिए।

Ans
❌ 1. परागण, फूल में कीटों का आना है।
❌ 2. परागण, पराग कणों का अंकुरण है।
✅ 3. परागण, पराग कणों का पुंकेशर से वर्तिकग्र तक स्थानांतरण है।
❌ 4. परागण, बीजांड में पराग नलिका की वृद्धि है।

---

Q.54 किसी दुकानदार को ₹10 में एक पैन बेचने पर, उसके मूल्य के $\frac{1}{11}$ भाग की हानि होती है। एक पैन का क्रय मूल्य कितना है?

Ans
❌ 1. ₹12
❌ 2. ₹9
✅ 3. ₹11
❌ 4. ₹10

---

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर JGLI, NKPM से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, OLQN, SPUR से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LINK निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans ✗ 1. PMOR

✗ 2. MPRO

✓ 3. PMRO

✗ 4. MPOR

---

Q.56 टाउन A, टाउन B के उत्तर में स्थित है। टाउन C, टाउन A के दक्षिण में स्थित है। टाउन D, टाउन C के उत्तर-पूर्व में स्थित है। टाउन E, टाउन D के दक्षिण में स्थित है। टाउन B, टाउन E के उत्तर-पश्चिम में स्थित है। टाउन B, टाउन C के दक्षिण में स्थित है। टाउन C के सापेक्ष में टाउन E की स्थिति क्या है?

Ans ✗ 1. उत्तर-पश्चिम

✓ 2. दक्षिण-पूर्व

✗ 3. उत्तर-पूर्व

✗ 4. दक्षिण-पश्चिम

---

Q.57 जब किसी वस्तु को 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने रखा जाता है, तो दर्पण के सामने 20 cm की दूरी पर एक वास्तविक प्रतिबिम्ब बनता है। यहां, वस्तु की दूरी _______ है।

Ans ✗ 1. –30 cm

✓ 2. –20 cm

✗ 3. –5 cm

✗ 4. –10 cm

---

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें :असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans ✗ 1. PV – XR

✗ 2. GM – OI

✓ 3. CH – MR

✗ 4. DJ – LF

---

Q.59 दर्पणों द्वारा प्रतिबिम्ब के बनने में शामिल परिघटना _______ है।

Ans ✓ 1. परावर्तन

✗ 2. व्यतिकरण

✗ 3. अपवर्तन

✗ 4. विवर्तन

---

**Q.60 केंद्रीय बजट 2024 के संबंध में अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने आगामी वर्ष के लिए फोकस किए जाने वाले प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। निम्नलिखित में से किस क्षेत्र पर बल दिया गया?**

Ans
✗ 1. शिक्षा, खेल, संस्कृति और मनोरंजन
✗ 2. अवसंरचना, प्रौद्योगिकी, पर्यटन और पर्यावरण
✗ 3. कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष और स्वास्थ्य सेवा
✓ 4. रोजगार, कौशल, MSME और मध्यम वर्ग

---

Q.61 गति के दूसरे नियम के अनुसार, संवेग परिवर्तन की दर _____ के समानुपाती होती है।

Ans
✗ 1. जड़त्व
✗ 2. ऊर्जा
✗ 3. विस्थापन
✓ 4. बल

---

Q.62 दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

12 + 18 ÷ 3

Ans
✓ 1. 18
✗ 2. 12
✗ 3. 22
✗ 4. 10

---

Q.63 चतुर्भुज PQRS में, यदि कोण ∠Q और ∠S का योगफल 150° है जबकि कोण ∠P और ∠R का अनुपात 4 : 3 है, तो ∠R की माप क्या होगी?

Ans
✗ 1. 120°
✗ 2. 210°
✗ 3. 150°
✓ 4. 90°

---

Q.64 यदि पृथ्वी का गुरुत्वीय त्वरण, चंद्रमा के गुरुत्वीय त्वरण का 6 गुना है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ 1. पृथ्वी पर किसी वस्तु का भार, चंद्रमा पर उसके भार की तुलना में 2 गुना अधिक होता है।
✓ 2. पृथ्वी पर किसी वस्तु का भार, चंद्रमा पर उसके भार की तुलना में 6 गुना अधिक होता है।
✗ 3. चंद्रमा पर किसी वस्तु का भार, पृथ्वी पर उसके भार की तुलना में 6 गुना अधिक होता है।
✗ 4. जब हम किसी वस्तु का भार पृथ्वी या चंद्रमा पर मापते हैं तो वह एक समान होता है।

**Q.65 फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल हॉकी (FIH) पुरुष विश्व कप 2023 ______ में आयोजित किया गया था।**

Ans ✔ 1. राउरकेला, ओडिशा

✘ 2. कोच्चि, केरल

✘ 3. पटना, बिहार

✘ 4. अमरावती, आंध्र प्रदेश

---

Q.66 किसी सौदे पर 30% और 35% की दो क्रमिक छूटें_______की एक एकल छूट के बराबर हैं।

Ans ✘ 1. 55.5%

✘ 2. 65%

✘ 3. 60%

✔ 4. 54.5%

---

Q.67 अपने सभी अपररूपों में कार्बन, ऑक्सीजन में दहन करके _________ देता है।

Ans ✘ 1. कार्बोनिक अम्ल

✔ 2. कार्बन डाईऑक्साइड

✘ 3. कार्बन मोनोआक्साइड

✘ 4. मेथेन

---

**Q.68 न्यायमूर्ति एम फातिमा बीवी 1989 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली प्रथम महिला न्यायाधीश थीं। ____________ को उनका निधन 96 वर्ष की आयु में हो गया।**

Ans ✔ 1. 23 नवंबर 2023

✘ 2. 25 नवंबर 2023

✘ 3. 26 नवंबर 2023

✘ 4. 22 नवंबर 2023

---

Q.69 एक निश्चित कूट भाषा में, 'Towards the End' को 'mb rh gp' लिखा जाता है और 'end it Here' को 'hk mb bl' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'end' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans ✘ 1. hk

✔ 2. mb

✘ 3. gp

✘ 4. bl

---

Q.70 अर्पिता 9 संतरे और 8 केले ₹276 में खरीदती है। जब एक संतरे का मूल्य 10% कम हो जाता है, और एक केले का मूल्य वही रहता है, तो 5 संतरे और 10 केलों का मूल्य ₹210 हो जाता है। 3 संतरे और 4 केलों का आरंभिक मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹123
✓ 2. ₹108
✗ 3. ₹116
✗ 4. ₹120

Q.71 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। मानना है कि दिए गए कथन सत्य है चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/ कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/ हैं।

कथन:

कुछ माइक्रोफोन, स्पीकर हैं।

कोई स्पीकर, पियानो नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कोई माइक्रोफोन, पियानो नहीं है।

(II) कुछ स्पीकर, माइक्रोफोन हैं।

Ans
✓ 1. केवल निष्कर्ष (II) कथनों के अनुसार है
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) कथनों के अनुसार है
✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) कथनों के अनुसार है
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों कथनों के अनुसार हैं

Q.72 अरुणा ने जयश्री से ₹9,000 की धनराशि 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर ऋण पर ली, जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है। सभी बकाया चुकाने के लिए अरुणा द्वारा 2 वर्ष बाद भुगतान की गई कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹10,980
✗ 2. ₹10,089
✗ 3. ₹10,098
✓ 4. ₹10,890

Q.73 A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। F और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, F के ठीक दाईं ओर बैठा है। A, B और C का निकटतम पड़ोसी है। B के सापेक्ष में E का स्थान क्या है?

Ans
✗ 1. ठीक बाईं ओर
✗ 2. बाईं ओर से दूसरा
✗ 3. ठीक दाईं ओर
✓ 4. दाईं ओर से तीसरा

Q.74 समीर के पास 6 cm व्यास वाली एक ठोस धातु की गेंद है। वह इसे पिघलाता है और इस पदार्थ का उपयोग एक ठोस बेलन बनाने के लिए करता है। यदि बेलन का व्यास गेंद के व्यास के समान है, तो इसकी ऊंचाई क्या होगी?

Ans
✗ 1. 6 cm
✗ 2. 8 cm
✓ 3. 4 cm
✗ 4. 4.5 cm

---

Q.75 वृत्ताकार विद्युत धारावाही कुंडली के केंद्र पर चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का पैटर्न कैसा होता है?

Ans
✗ 1. संवाहक का प्रदार्थ
✗ 2. धारा की दिशा
✓ 3. संवाहक का आकार
✗ 4. संवाहक का रंग

---